>

Title: Announcement to seek further extension of time for presentation of Report on the Bill by the Joint Committee on Right to Fair Compensation and Transparency in Land Acquisition, Rehabilitation and Resettlement (Amendment) Second Bill, 2015 And Joint Committee on Financial Resolution and Deposit Insurance Bill, 2017.

-

माननीय अध्यक्ष : मुझे सभा को सूचित करना है कि 'भूमि अर्जन, पुनर्वास तथा पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता अधिकार (संशोधन) द्वितीय विधेयक, 2015' संबंधी संयुक्त समिति ने मानूसन सत्र, 2018 के अंतिम दिन तक विधेयक संबंधी प्रतिवेदन प्रस्तुत करने हेतु और समय विस्तार की मांग करने का निर्णय लिया है क्योंकि सभा द्वारा दी गई विस्तारित समय-सीमा अर्थात् 15 दिसंबर, 2017 तक प्रतिवेदन को अंतिम रूप नहीं दिया जा सकता। इसी प्रकार, 'वित्तीय समाधान और निक्षेप बीमा विधेयक, 2017' संबंधी संयुक्त समिति ने बजट सत्र 2018 के अंतिम दिन तक समय विस्तार मांगने का निर्णय लिया है क्योंकि सभा द्वारा दी गई निर्धारित समय-सीमा अर्थात् 15 दिसंबर, 2107 तक संयुक्त समिति का प्रतिवेदन प्रस्तुत करने हेतु तैयार नहीं हो पाएगा। इन दोनों संयुक्त समितियां का समय-विस्तार संबंधी प्रस्ताव सभा में प्रस्तुत नहीं किया जा सका क्योंकि सभा निधन संबंधी उल्लेख करने के पश्चात् स्थगित कर दी गई थी। अतः मैंने सभा की ओर से इन दोनों समितियों द्वारा प्रतिवेदनों के प्रस्तुत करने हेतु मांगे गए समय-विस्तार की अनुमति दे दी है।

…(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : माननीय सदस्यगण, मुझे अनेक स्थगन प्रस्ताव की सूचनाएं प्राप्त हुई हैं। ये मामले महत्वपूर्ण हैं, मगर अन्य अवसर पर उठाये जा सकते हैं, इसलिए मैं इन्हें अनुमति नहीं दे रही।

…(व्यवधान)

12.05 hours